# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक:शिविरा / माध्य / लेखा / डी–2 / 28011 / 20–21 / दिनांक : 17-05-2021

**बैठक कार्यवाही विवरण**

शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान–जयपुर के आदेश क्रमांक प. (7) शिक्षा–1 / 2009 / पार्ट–VII दिनांक 14.07.2020 एवं पत्र दिनांक 16.03.2021 द्वारा प्राप्त निर्देशो के क्रम में निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2020–21 एवं 2021–22 की साईकिल क्रय हेतु दिनांक 16.04.2021 को अनुमानित संख्या 07 लाख साईकिल क्रय की ई–निविदा जारी की गई । निर्धारित दिनांक 10.05.2021 (3:00P.M) तक 04 फर्मो द्वारा निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क, साईकिल सेम्पल, साईकिल टेस्टिंग रिपोर्ट एवं बिड सिक्योरिंग डिक्लेरेशन कार्यालय में प्रस्तुत किये गये। जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 11.05.2021 (3:00P.M)) को ई–प्रोक के माध्यम से खोली गई।

ई–निविदा से प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों के सम्बन्ध में विचार विमर्श व निर्णय लेने के सम्बन्ध में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 17.05.2021 को अपरान्ह 1.00 बजे माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर में आयोजित की गई ।

ई–निविदा माध्यम से निम्न फर्मो के तकनीकी प्रस्ताव प्राप्त हुए है, विवरण निम्नानुसार है :–

1. Hero Cycles, G.T.Road, Ludhaina. (Punjab.)
2. S.K. Bikes Ltd. Ludhiana (Punjab)
3. Avon Cycles Limited. Ludhaina. (Punjab.)
4. Hero Ecotech Limited. Ludhaina. (Punjab.)

ई–प्रोक माध्यम से दिनांक 11.05.2021 को कुल 04 फर्मो से तकनीकी प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रस्तुत तकनीकी प्रस्तावों एवं साईकिल सेम्पल्स की निविदा प्रलेख की शर्तो के अनुसार जांच की गई । 04 फर्मो ने निर्धारित तकनीकी बिन्दूओं के सम्बन्ध में लैब टेस्टिंग रिपोर्ट व तकनीकी मापदण्डों की पूर्ति के सम्बन्ध में लैटर–हैड पर पालना रिपोर्ट (Compliance-Sheet) प्रस्तुत की है । निविदा प्रलेख की शर्तो के अनुसार समस्त 04 फर्मो ने Certificate Of Conformity/No Deviation प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत किया है । राज्य स्तरीय क्रय समिति ने फर्मो द्वारा प्रस्तुत तकनीकी प्रस्तावों, पालना रिपोर्ट (Compliance-Sheet), लैब टेस्टिंग रिपोर्ट व Certificate Of Conformity/No Deviation प्रमाण–पत्र को निविदा प्रलेख की शर्तो के अनुसार सही पाया है। अतः राज्य स्तरीय क्रय समिति ने उक्त 04 फर्मो को तकनीकी बिड में सफल मानते हुए वित्तीय बिड दिनांक 21.05.2021 (1:00 पी.एम.) को खोले जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (बनवारी लाल सर्वा)<br>सदस्य<br>वित्तीय सलाहकार, कार्यालय हाजा | (मधू सूदन गौड़)<br>सदस्य<br>वरिष्ठ प्रवक्ता, यांत्रिकी, राजकीय पालोटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर. प्रतिनिधि, निदेशक, तकनीकी शिक्षा, राजस्थान–जोधपुर | (अरविन्द व्यास)<br>सदस्य–सचिव<br>उप निदेशक, योजना, माध्यमिक,कार्यालय हाजा। | (प्रखर चतुर्वेदी)<br>सदस्य<br>उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय तकनीकी शिक्षा बीकानेर प्रतिनिधि, निदेशक, (प्रशिक्षण) तकनीकी शिक्षा, राज0–जोधपुर | (सांवर मल शर्मा)<br>सदस्य<br>प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बीकानेर प्रतिनिधि–निदेशक संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर | (सौरभ स्वामी)<br>अध्यक्ष<br>निदेशक, माध्यमिकशिक्षा राज0–बीकानेर |

**क्रमांक:शिविरा / माध्य / लेखा / डी–2 / 28011 / 20–21** **दिनांक:** 17-05-2021

प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा राजस्थान, जयपुर।
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान–जयपुर ।
3. वित्तीय सलाहकार, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. निदेशक, (प्रशिक्षण) तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जोधपुर।
5. निदेशक, तकनीकी शिक्षा,राजस्थान–जोधपुर ।
6. निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
7. उप निदेशक, योजना, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
8. श्री मधू सूदन गौड़,वरिष्ठ प्रवक्ता, यांत्रिकी, राजकीय पालोटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर. प्रतिनिधि, निदेशक, तकनीकी शिक्षा, राजस्थान–जोधपुर
9. श्री सांवर मल शर्मा, प्रधानाचार्य, राजकीय वरि. उपाध्याय, संस्कृत विद्यालय, बीकानेर प्रतिनिधि निदेशक संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
10. श्री प्रखर चतुर्वेदी,उपनिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, तकनीकी शिक्षा, बीकानेर । प्रतिनिधि निदेशक, (प्रशिक्षण) तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जोधपुर।
11. Hero Cycles, G.T.Road, Ludhaina. (Punjab.)/ S.K. Bikes Ltd. Ludhiana (Punjab/ Avon Cycles Limited./ Hero Ecotech Limited.
12. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग को भेजकर लेख है कि उक्त बैठक कार्यवाही Sppp एवं विभागीय वैबसाईट पर अपलोड कराने एवं सम्बन्धित को मेल कराने का श्रम करावें ।

उपनिदेशक योजना
(सदस्य सचिव)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर